**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 302**
**10 अगस्त, 2021 को उत्तरार्थ**

**विषय: सहकारी क्षेत्र हेतु रूपरेखा**

***302. श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:**

**क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार की कोई योजना पूरे देश में सहकारी क्षेत्र में संभावनाओं के प्रभावी उपयोग हेतु रूपरेखा (रोडमैप) विकसित करने की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में एक योजना तैयार करने का है;
(ग) क्या सरकार की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए कतिपय राज्यों जैसे गुजरात, कर्नाटक और महाराष्ट्र जिनके पास डेयरी, चीनी इत्यादि जैसे विशेष क्षेत्रों में सहकारी पारि-प्रणाली के सवंर्धन हेतु आरंभिक लाभ उपलब्ध हैं, के लिए विशिष्ट योजना हैं; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**
**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**"सहकारी क्षेत्र हेतु रूपरेखा" के संबंध में श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा, सांसद और श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले, सांसद द्वारा दिनांक 10.08.2021 के लिए पूछे गए लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 302 के (क) से (घ) तक का विवरण**

(क) और (ख): सहकारी क्षेत्र के लिए एक पृथक प्रशासनिक व्यवस्था प्रदान करने और 'सहकार से समृद्धि की ओर' की परिकल्पना को साकार करने के लिए नया सहकारिता मंत्रालय बनाया गया है। मौजूदा स्कीमों और कार्यक्रमों के अलावा, इस सेक्टर की आवश्यकता के अनुसार अन्य स्कीमों और कार्यक्रमों को यथोचित समय में क्रियान्वित किया जाएगा।

(ग) और (घ): जीवंत सहकारिता आंदोलन वाले सभी सेक्टरों में सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र के संवर्धन के लिए विशिष्ट योजनाएं, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और 'सहकार के माध्यम से समृद्धि' की परिकल्पना साकार करने के लिए इस सेक्टर की आवश्यकता के अनुसार सामने आएंगी। देश में सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय करना सहकारिता मंत्रालय के अधिदेश का एक अभिन्न अंग है।

******